राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 93 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### ट्रेन से कटकर जुगसलाई के राजेश साहू की मौत

**जमशेदपुर ।** जुगसलाई थाना अंतर्गत दुखू मार्केट के पास मंगलवार देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी. मृतक की पहचान जुगसलाई नया बाजार निवासी राजेश साहू (45) के रूप में की गयी है. घटना के बाद आरपीएफ के सहयोग से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. मृतक राजेश साहू स्क्रैप का काम करते थे. मंगलवार को रात के करीब 11 बजे घर लौट रहे थे.

### कल्याणकारी योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर ।** साकची स्थित रवींद्र भवन सभागार में बुधवार को मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ऐसे में अधिकारी उनकी शिकायतों को गंभीरता से लें.

### लापरवाह संवेदकों पर होगी कार्रवाई: डीसी

**जमशेदपुर ।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जल जीवन मिशन योजना के तहत सौर ऊर्जा आधारित एवं नदी आधारित जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा की. दो योजना अगस्त माह में पूर्ण हो जाएगी वहीं शेष 12 योजनाओं को तेज गति से पूरा करने का निर्देश संवेदकों को दिया गया अन्यथा कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी. सभी घरों तक नल से जल पहुंचाने के लिए जिले में 14 योजनाएं संचालित हो रही हैं.

### कठुआ में शहीद हुए वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादियों की कायराना हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को बुधवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम के सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर शहीदों की गाथाओं को याद करते हुए देश में सेना की स्थिति पर चर्चा की गई. संगठन के सदस्यों ने वीरों की आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा.

### बोड़ाम में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम

**जमशेदपुर ।** आजसू पार्टी ने बुधवार को बोडाम प्रखंड कार्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान वहां मौजूद पूर्व मंत्री सह पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि यहां मुख्यमंत्री बदल रहे हैं, लेकिन राज्य के हालात जस के तस हैं. एक तरफ युवा भटक रहे हैं, सरकारी दफ्तर में ताला लटक रहे हैं तथा मंत्री-विधायक मलाई घटक रहे हैं.

### जंबु अखाड़ा के अध्यक्ष से मिले भाजमो के नेता

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में जंबुअखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह से उनके भालुबासा स्थित आवास पर जाकर मिला. इस दौरान रथ यात्रा के दिन शाम में उनके और उनके परिवार के साथ हुई मारपीट की घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की. पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया की इस घटना को जोड़कर तीसरी बार उनके परिवार पर हमला हुआ है.

### बैरम खान ने मुआवजा के लिए लिखा पत्र

**चक्रधरपुर ।** अंजुमन इस्लामिया चकधरपुर के सचिव बैरम खान ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के उप महाप्रबंधक को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि वर्ष 2017 में चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार के डेली मार्केट में आगजनी की घटना हुई थी. इसमें करीब 54 दुकानदार आर्थिक रूप से प्रभावित हुए थे. ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार से इस संदर्भ में जेबीवीएनएल को पत्र लिखा गया, लेकिन कोई संज्ञान विभाग द्वारा नहीं लिया गया.

### कोल्हान बंद पर नक्सलियों ने जराइकेला- मनोहरपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर लगाया बैनर

# हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में चार घंटे तक थमी रहीं ट्रेनें

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा आहूत कोल्हान बंद का असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा है. नक्सलियों ने बंद शुरू होते ही हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग पर जराइकेला व मनोहरपुर स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर बैनर लगाकर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया. नक्सलियों ने थर्ड रेल लाइन में किमी संख्या 378/35 ए के समीप रेलवे ट्रैक के बीचो बीच बैनर लगा दिया. इसके कारण मंगलवार रात दो बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया. मार्ग से गुजर रही मालगाड़ी संख्या बीओसी / एलएमएनआर के क्रू मेंबर ने ट्रैक पर माओवादियों द्वारा लगाया गया लाल बैनर देख इसकी सूचना स्टेशन को दी. इसके बाद चक्रधरपुर रेल मंडल में एहतियात के तौर पर सभी ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया. करीब एक घंटे बाद रेल सुरक्षा बल और रेलकर्मियों की टीम ने प्रभावित इलाकों में ट्रैक की पेट्रोलिंग शुरू की. बुधवार की सुबह करीब छह बजे पेट्रोलिंग कर ट्रैक को फिट घोषित किया गया. इसके उपरांत मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया.



रेलवे ट्रैक पर लगाये बैनर को हटाते सुरक्षा बल के जवान

#### कहां खड़ी रही कौन सी ट्रेनें

भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा रेलवे ट्रैक पर बैनर लगाए जाने के बाद 18190 एर्नाकुलम–टाटानगर एक्सप्रेस को जराइकेला में रोक दिया गया. वहीं 22906 ओखा–शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस को गोइलकेरा में, 12810 हावड़ा–मुंबई मेल सोनुआ में व 12130 हावड़ा–पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस चक्रधरपुर में रोक दी गई. सुबह लगभग छह बजे से ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ हुआ.

इस दौरान कई महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनें चक्रधरपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रही. बता दें कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के विरोध में में भाकपा माओवादियों ने 10 जुलाई को झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में बंद का आह्वान किया है. करमपदा-रंगड़ा के बीच भी रेल ट्रैक के बीच लगाया बैनर

नक्सलियों ने करमपदा सेक्शन में भी रेल ट्रैक पर बैनर लगाकर ट्रेनों का परिचालन बाधित किया. रंगड़ा व करमपदा के बीच किमी संख्या 479/11 के पास में बैनर लगाए जाने से ट्रेनों का परिचालन रुका रहा. इस मार्ग से गुजरने वाली मालगाड़ियों को रोक दिया गया.

## सेंट्रल मोहर्रम अखाड़ा कमिटी की बैठक, खामियों पर चिंतन-मंथन

● फर्जी नाम से हुई बैठक के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**



सेंट्रल मोहर्रम अखाड़ा कमिटी की बैठक बुधवार को साकची मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब में हुई. जिसमें पिछले वर्ष मोहर्रम अखाड़ा की गहनता से समीक्षा की गई एवं खामियों पर चिंतन-मंथन किया गया. सभी ने इस बार शांति पूर्वक मोहर्रम अखाड़ा जुलूस निकालने का निर्णय लिया. साथ ही कमियों को दूर करने के लिए प्रशासन के साथ समन्वय बनाने एवं बैठक करने पर सहमति बनी. अध्यक्ष हसीन अहमद ने कहा कि कुछ लोगों ने संस्था को बदनाम करने की नियत से बीते दिनों कम्युनिटी सेंटर हॉल में सेंट्रल मोहर्रम अखाड़ा कमिटी के नाम से बैठक की. जो सरासर गलत है. उक्त बैठक से सेंट्रल मोहर्रम अखाड़ा कमिटी को कुछ लेना-देना नहीं है. उक्त बैठक अवैध एवं फर्जी थी. निर्णय लिया गया कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर वैसे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान संगठन के सुचारू संचालन के लिए कमिटी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया. बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 56 लाइसेंसी अखाड़ा के खलीफा ताजियादर, अलम बरदार एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए.

# कैरेज कॉलोनी में युवक की गोली मारकर हत्या

### शराब पीने के दौरान विवाद के बाद दोस्तों ने ही ली जान



शुभम की फाइल फोटो.

**संवाददाता । जमशेदपुर**

बर्मामाइंस थाना अंतर्गत कैरेज कॉलोनी में विवाद के बाद बदमाशों ने शुभम कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए. घटना मंगलवार की देर रात लगभग दो बजे की बताई जा रही है. इधर, सूचना पाकर बर्मामाइंस पुलिस शुभम को तत्काल एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंची. वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने परिजनों को इसकी जानकारी दी. शुभम बर्मामाइंस के कैलाश नगर में रहता था. हालांकि वह भी पूर्व में कैरेज कॉलोनी में ही रहता था. शुभम ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था. घटनास्थल के पास से पुलिस ने शुभम की बाइक भी बरामद की है.

बताया जाता है कि मनोज दास के बेटे साहिल दास ने घटना को अंजाम दिया है. साहिल दास के कैरेज कॉलोनी स्थित आवास में साहिल अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था. इस दौरान शुभम भी मौजूद था. अचानक किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद साहिल ने शुभम को गोली मार दी. गोली सिर के बीचोबीच लगी. घटना के बाद सभी मौके से फरार हो गए. बता दें कि मनोज दास की सितंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में हुए एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी.



#### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि मृतक शुभम भी मौके पर बैठकर शराब पी रहा था या उसे किसी ने फोन कर बुलाने के बाद उसकी हत्या की है. पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मौके पर कौन–कौन मौजूद था. फिलहाल पुलिस हत्या के आरोपी साहिल को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है.

#### शुभम के परिजनों ने थाना का किया घेराव



शुभम कुमार के गुस्साए परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर बर्मामाइंस थाना पहुंचे और थाना का घेराव कर प्रदर्शन करने लगे. परिजनों की मांग थी कि पुलिस आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे. परिजनों ने थाना परिसर में 15 मिनट तक हंगामा किया. हालांकि, पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ.

### बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार पांच बाइक बरामद

**जमशेदपुर ।** साकची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में राजेश कुमार, लक्ष्मण गोप, राजा लोहार और राहुल गोप शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक को भी बरामद किया है.

सभी बाइक साकची और सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से बरामद की गई है. बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि अब तक सभी ने 30 से ज्यादा बाइक चुराई है. सभी बाइक को बंधक रख दिया जाता था. उन्होंने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी और अन्य बाइक बरामद किए जायेंगे.


## चांडिल के भादुडीह साप्ताहिक हाट में ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल थाना क्षेत्र के भादूडीह में बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में ठनका गिरने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया. साप्ताहिक हाट में जब लोग खरीदारी कर रहे थे तब अचानक बारिश होने लगी. बारिश के बीच शाम के वक्त ठनका गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई तबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से तीन घायल को एमजीएम ले जाकर भर्ती कराया. वहीं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने भी अपने निजी एम्बुलेंस से तीन घायल को एमजीएम भेजवाया. बताया जा रहा है कि एमजीएम में इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल है. मृतकों में चांडिल थाना क्षेत्र के हमसादा के रहने वाले 35 वर्षीय सुबोदरा माझी, उसका पुत्र 10 वर्षीय बिरेस माझी और 32 वर्षीय सुकु मार्डी शामिल हैं. वहीं अस्पताल में 50 वर्षीय सुगी मुर्मू समेत गुरुपदो सिंह और इंद्रजीत सिंह का इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार भादूडीह हाट से कुछ ही दूरी पर बैल चरा रहे दो व्यक्ति भी ठनका की चपेट में आए. बताया जा रहा है कि दोनों थोड़े से झुलसे हैं. दोनों को चिलगु के निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है.



एम्बुलेंस में घायलों को रखते स्थानीय लोग



सुबोदरा व बिरेस (फाइल फोटो).

## नाटकीय ढंग से 24 घंटे के बाद मिले लापता शिक्षक अनिल खर्गा

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेयाडदा के शिक्षक अनिल कुमार खर्गा बुधवार को नाटकीय ढंग से मिल गए हैं. वे मंगलवार को स्कूल छुट्टी होने के बाद अपने घर वापस नहीं लौटे थे. उनका मोबाइल भी बंद आ रहा था. शिक्षक अनिल कुमार खर्गा अपने परिवार के साथ डिमना स्थित कैलाशधाम अपार्टमेंट में रहते हैं. देर शाम तक वापस घर नहीं पहुंचने पर उनके पुत्र और अन्य साथी शिक्षक ने चौका थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी थी.

मंगलवार की रात को ही कुछ साथी शिक्षकों ने स्थानीय मुखिया के साथ विद्यालय पहुंचकर खोजबीन की थी. लेकिन उनका कोई आता-पता नहीं मिला था. शिक्षक का लापता होना अपहरण है या कुछ और इसका खुलासा अबतक नहीं हो सका है.

बुधवार को दोपहर में स्कूल छुट्टी होने के बाद शिक्षक चौका थाना पहुंचे थे. चांडिल के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भी चौका थाना पहुंचे और मामले की जानकारी ली. इसी बीच सूचना मिली कि वे एनएच 33 पर चौका थाना क्षेत्र के दिरलौंग के पास हैं. इसके बाद कुछ शिक्षक दिरलौंग पहुंचे. सकुशल मिलने के बाद शिक्षक अनिल कुमार खर्गा सिर्फ रो रहे थे. किसी को भी कुछ नहीं बता रहे थे. साथी शिक्षकों को उन्होंने बताया कि रातभर उन्हें पैदल चलवाया गया और सुबह जंगल के किनारे छोड़ दिया. उनकी मोटरसाइकिल भी स्कूल के आसपास कहीं झाड़ी में रखी हुई होगी.

#### पुलिस कर रही पूछताछ

शिक्षक के मिलने के बाद पुलिस उनसे घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है. चौका थाना में चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राजवाड़ ने भी शिक्षक से पूछताछ कर रहे हैं. इस संबंध में चौका थाना प्रभारी ने बताया कि लापता शिक्षक सकुशल मिल गए हैं. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है. पूछताछ पूरी होने के बाद मामले का उदभेदन किया जाएगा.

## कोल्हान में भी बदल रही डेमोग्राफी : अमर बाउरी



● सम्मानित हुए कार्यकर्ता

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

महानगर भाजपा की ओर से बुधवार को यहां अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया. जिसमें नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद विद्युत वरण महतो समेत अन्य नेता मौजूद रहे. इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में उनकी सराहनीय भूमिका के लिये सम्मानित किया गया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमर बाउरी ने राज्य में बदलते डेमोग्राफी पर भी चिंता जताई. कहा कि पूरे राज्य के विभिन्न जिलों में बंगलादेशी घुसपैठ से जिले की डेमोग्राफी बदल रही है. आज सिर्फ संथाल ही नहीं बल्कि कोल्हान का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है. जिले की बदलती डेमोग्राफी पर स्पेशल ब्रांच के साथ झारखंड हाइकोर्ट ने भी घुसपैठ को जटिल समस्या मानकर राज्य सरकार को इस पर निर्देश देते हुए घुसपैठियों पर ब्रेक लगाने को कहा है. नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार को भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार करार दिया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लेने का आह्वान किया.

### परेशानी 644 में 10 लाभुक ही अब तक जमा कर पाये हैं आवास की पांचवी किस्त

# बिरसानगर किफायती आवासीय परियोजना में रूचि नहीं ले रहे लाभुक

● फोन कॉल, नोटिस व कैम्प लगाकर लाभुकों को जेएनएसी करेगी मोटिवेट
● होम लोन देने में बैंक नहीं ले रहे रूचि

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत बिरसानगर में निर्माणाधीन किफायती आवास परियोजना में लाभुक रूचि नहीं ले रहे हैं. जिसके कारण जेएनएसी की चिंता बढ़ गई है. प्रथम चरण में 664 लाभुकों को आवास की चाबी सौंपने की योजना है. लेकिन अब तक केवल 10 लाभुक ही पांचवी किस्त की राशि जमा कर पाए हैं. हालांकि विभागीय पहल पर 46 लोगों ने किस्त जमा करने पर सहमति दी है. बिरसानगर में उपरोक्त योजना के तहत 9592 आवास का निर्माण किया जा रहा है. जिसमें प्रायोरिटी ब्लॉक 8 एवं 23 में 644 आवास का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है. सितंबर 2024 तक उक्त आवास लाभुकों को हैंडओवर किया जाना है. लेकिन किस्त जमा करने में लाभुक रूचि नहीं ले रहे हैं. बुधवार को उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने इसकी समीक्षा की. जिसमें पाया गया कि 644 लाभुकों ने दूसरी किस्त (101500 रुपया) जमा की है. जबकि 134 ने तीसरी किस्त, 24 ने चौथी किस्त तथा 10 लाभुकों ने पांचवी किस्त जमा की है. ऐसे में पूर्ण हो चुके 644 आवास के लिए शेष बचे हुए 634 लाभुकों को जेएनएसी ने मोटिवेट करने के लिए फोन कॉल, नोटिस भेजकर एवं कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया.

मिलने वाले घर की कुल लागत 8 लाख 81 हजार रुपये है. जिसमें 4 लाख 31 हजार रुपये लाभुक को जमा करना है, शेष 2.5 लाख रुपये केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर वहन करेगी. लाभुकों के हिस्से की राशि में बैंकों को सहयोग करना था. लेकिन बैंक इसमें रूचि नहीं ले रहे. लाभुकों को कागजात अपूर्ण बताकर बार-बार दौड़ाया जा रहा है. जबकि जेएनएसी की बैंकों के साथ कई बार समन्वय बैठक हो चुकी है. जिसमें बैंक सहयोग की बात कह चुके हैं. लेकिन केनरा बैंक द्वारा अब तक 24 लोगों का ही होम लोन स्वीकृत किया गया है.



#### 705 करोड़ की लागत से होना है निर्माण

बिरसानगर में बन रहे किफायती आवास परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 705 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी. जिसके बाद झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) ने 32 ब्लॉक में 9592 आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया. प्रति फ्लैट का कारपेट एरिया 313 वर्गफीट निर्धारित किया गया. जिसमें एक लिविंग रुम, एक बेड रूम, एक रसोईघर, एक बाथरूम एवं एक बालकनी रहेगा.

## डीसी व एसएसपी ने किया ग्राम न्यायालय भवन का निरीक्षण



बहरागोड़ा में ग्राम न्यायालय भवन का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

● अधिकारियों ने सड़कों का भी जायजा लिया

**संवाददाता । बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम न्यायालय भवन का बुधवार को प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा , सीजेएम गौरव विशाल , पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, डीटीओ धनंजय कुमार, घाटशिला डीएसपी अजीत कुजूर ,बीडीओ केशव भारती, सीओ भोलाशंकर महतो ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान ग्राम न्यायालय भवन में साफ-सफाई व रंगाई-पुताई को देखने के पश्चात पैदल चलकर प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़कों तथा निकासी नाले का जायजा लिया. इस ग्राम न्यायालय यहां उद्घाटन हो जाने से छोटे-छोटे मामले का निष्पादन प्रखंड स्तर में होने लगेगा. इसको लेकर बहरागोड़ा प्रखंड के लोगों को घाटशिला अनुमंडल जाने की आवश्यकता नहीं होगी. उद्घाटन की संभावित तारीख 14 जुलाई है.

## ब्रीफ खबरें

### फर्जी सदस्यता पर वाहवाही लूट रहे विधायक : आजसू

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के जिला सचिव सचिन प्रसाद ने बयान जारी कर कहा कि जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी हर दिन आजसू कार्यकर्ताओं को झामुमो की सदस्यता दिलाने का झूठा प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. झामुमो में शामिल कोई भी कार्यकर्ता आजसू पार्टी का नहीं है. अपने लोगों की ही सदस्यता दिलाकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. ऐसे नेता एवं उनके कार्यकर्ताओं को जनता अच्छी तरह देख व समझ रही है. आजसू को तोडना विधायक के बस की बात नहीं. जो लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं वे स्वार्थ पूरा होते ही अलग हो जाएंगे.

### परसुडीह में औषधीय पौधों के महत्व की दी जानकारी

**जमशेदपुर ।** परसुडीह स्थित दुर्गा बाड़ी में पतंजलि योग कक्षा में औषधियों के महत्व से सभी को अवगत कराया गया. विभिन्न औषधियों के बारे में साधकों द्वारा विस्तार से जानकारी देने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया. पतंजलि योग कक्षा के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि पतंजलि के संस्थापक आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस 4 अगस्त को संस्था जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाएगी. जागरूकता लाने के उद्देश्य से आचार्य बालकृष्ण औषधि ज्ञान पुरस्कार योजना शुरू की गई है, जो आगामी 31 अगस्त 2024 तक चलेगी.

### युवा ही बेहतर भविष्य का कर सकते हैं निर्माण

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ में भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने क्षेत्र के युवाओं के साथ बुधवार को बैठकर विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. उन्होंने कहा युवाओं को देश की शक्ति के रूप में देखा जाता है. यह युवा शक्ति ही बेहतर वर्तमान और भविष्य का निर्माण कर सकते है. क्षेत्र कोई भी हो, युवाओं की भागीदारी उसमें ऊर्जा का संचार कर देती है, आधुनिक युग की तकनीकी से विद्यार्थियों को परिचित करवाएं. मौके पर संजय कुमार दल, जयप्रकाश सिंह, संजय पाल, सत्यम पाल, जमीनी कांतो महतो सहित अन्य शामिल थे.

### पत्रकार के साथ मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग

**जादूगोड़ा ।** बहरागोड़ा के पत्रकार बासुदेव करण के साथ हुए मारपीट की घटना मामले में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष पुतुल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज बहरागोड़ा पहुंचा. पीड़ित पत्रकार बासुदेव करण से मामले की जानकारी लेने के उपरांत अध्यक्ष पुतुल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से मिलकर घटना के दोषी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कारवाई की मांग की. प्रतिनिधिमंडल में राजेश कुमार, मंतोष मंडल, राजेश चौबे, पंकज मिश्रा समेत कई अन्य पत्रकार शामिल थे.

### सावन पूजा की तैयारी को लेकर शिव मंदिर में बैठक

**घाटशिला ।** सावन को लेकर मऊभंडार शिव मंदिर प्रांगण में शिव मंदिर कमेटी की बैठक बुधवार को अध्यक्ष बीएन सिंहदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बीएन सिंहदेव व महासचिव नवल सिंह ने बताया कि बेहतर तरीके से सावन की सोमवारी मनाने का निर्णय लिया गया है. इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. नवल सिंह ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक सोमवार के दिन संध्या आरती होगी और भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण होगा. उन्होंने बताया कि घाटशिला में लोगों की आस्था मऊभंडार शिव मंदिर से जुड़ी है.

### तालसा में अच्छी वर्षा के लिए की गई आषाढ़ी पूजा

**जमशेदपुर ।** सुन्दरनगर थानान्तर्गत तालसा गांव में बुधवार को "आसाड़िया.बोंगा" (आषाढ़ी पूजा) का आयोजन माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू के नेतृत्व में किया गया. ग्राम के नायके बाबा हाबीराम मुर्मू ने पूजा संपन्न करवाई. इस दौरान ग्राम के देवी देवताओं सहित इष्ट देवताओं को आहवान किया गया. उनसे प्रार्थना की गई कि इस वर्ष अच्छी बारिश हो, खेती कार्य में कोई बाधा न आए, खेतों में फसल हरा भरा हो, गांव के सभी लोग निरोग और स्वस्थ रहे, गांव में समृद्धि आए तथा सर्वांगीण विकास हो. पूजा समाप्त होने के बाद गांव के सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

---

भाजपा जिला अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री के आश्वासन को बताया छलावा, सर्वे तत्काल रोकने की मांग

# आवास बोर्ड डब्ल्यू टाइप फ्लैट सर्वे के विरुद्ध आंदोलन करेगी भाजपा

- निवास कर रहे लोगों से वार्ता के बाद ही सरकार कोई निर्णय ले : अरविंद
- सरकार के अधिकारी घर तोड़ने की कर रहे हैं तैयारी : उदय सिंहदेव

**संवाददाता । आदित्यपुर**


आवास बोर्ड कार्यपालक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपते भाजपा के नेता

आवास बोर्ड द्वारा डब्ल्यू टाइप समेत अन्य फ्लैट व मकान के सर्वे के विरुद्ध लगातार हो रहे आंदोलन के बीच भारतीय जनता पार्टी ने भी सर्वे को तत्काल रोकने की मांग की है. सर्वे के विरुद्ध भाजपा द्वारा सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन की सी घोषणा की गई है. बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरायकेला खरसावां जिला कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव व पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में आवास बोर्ड कार्यपालक अभियंता के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया. जिसमें डब्ल्यू टाइप समेत आवास बोर्ड के सभी फ्लैट, मकान के वास्तविक स्थिति जानने कराये जा रहे सर्वे को तत्काल रोक जाने की मांग की गई है.


भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यपालक अभियंता के नाम आवास बोर्ड के लिपिक को मांग पत्र सौंपा गया. मौके पर मौजूद पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि बीते दिनों पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन एवं आश्वासन की जानकारी प्राप्त हुई. पूर्व विधायक ने कहा कि आवास बोर्ड के मकान गोविंदपुर बागबेड़ा क्षेत्र में भी है, लेकिन वहां सर्वे न कर कर केवल डब्ल्यू टाइप में सर्वे करना उचित नहीं है. पूर्व विधायक ने कहा कि मकान किसी भी हाल में टूटने नहीं चाहिए और अगर ऐसा है तो पहले वर्षों से रह रहे सभी परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था सरकार को करनी होगी. सरकार की दोहरी नीति नहीं चलेगी. पूर्व विधायक ने कहा कि पहले निवास कर रहे लोगों से सरकार वार्ता करे फिर कोई निर्णय ले.

भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव ने मौके पर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सर्वे रोकने का आश्वासन देते हैं. जबकि उनके अधिकारियों ने घर तोड़ने की योजना बना रखी है. यह जनता के साथ छलावा है. उन्होंने कहा कि सभी आवास बोर्ड के मकान के सर्वे को रोकते हुए उन्हें उनका मालिकाना हक दिया जाए, नहीं तो भाजपा सरकार के विरुद्ध जोरदार आंदोलन को सरकार बाध्य होगी. भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली ने कहा कि बरसों से जमा पूंजी लगाकर घर में रहने वाले लोगों को सरकार उजाड़ने की सोच रही है जिसे किसी हाल में पूरा नहीं होना दिया जाएगा. इस मौके पर मुख्य रूप से उद्योग प्रकोष्ठ संयोजक दिनेश सिंह बबलू, सुनील कुमार, हरिनंदन पांडे, ललन तिवारी, मनोज तिवारी, नीरू सिंह, अजय सिंह, राकेश मिश्रा ,कुमुद रंजन, विजय सिंह, अशोक सिंह, संजय शर्मा आदि मौजूद थे.

# सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत, पिता घायल

## एन एच 18 केसर्विस रोड पर खड़े टैंकर से टकराई बाइक

**संवाददाता । बहरागोड़ा**


मृतक युवक की फाइल फोटो


घायल चंडी राउत

बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के केसरदा मोहाली चौक के समीप एन एच 18 के सर्विस रोड में खड़े टैंकर के पीछे बाइक की जोरदार टक्कर से पुर्णापानी पंचायत अंतर्गत तिलो गांव के युवक झंटू राउत (29 वर्ष) की मौत हो गई, वहीं उसके पिता चंडी राउत (56 वर्ष) बुरी तरह से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार झंटू राउत ने अपनी बीमार मां का इलाज कराने के लिए खस्सी बेचा था. जिसका पैसा लेने बहरागोड़ा पिता-पुत्र आये हुए थे.वहीं से लौटने के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को 108 एंबुलेंस स बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.जहां इलाज के दौरान पुत्र की मौत हो गई तथा पिता की स्थिति नाजुक होने के कारण प्राथमिक इलाज के उपरांत उच्च चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया गया. उधर मौके पर पुलिस अपने स्तर से जांच करने में जुटी हुई है.

# तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई एयर बैग खुलने से बचीं महिलाएं

**संवाददाता । घाटशिला**


जगन्नाथपुर गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त कार

थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर बुधवार को तेज रफ्तार कार ने ट्रक के पीछे जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में कार सवार दो महिला बाल-बाल बच गई. कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना की सूचना पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी गई.

मौके पर घाटशिला पुलिस पहुंचकर घटना की जानकारी ली. कार पर दो महिला बैठी थी. पूछताछ में मां ने बताया कि जमशेदपुर से वह बेटी के साथ कोलकाता जा रही थीं. जगन्नाथपुर के समीप ट्रक ने ओवरटेक कर बाईं तरफ कर दिया. मां ने बताई कि बेटी कार चला रही थी. अचानक सामने ट्रक देखकर कार से नियंत्रण हटते कार ट्रक के पीछे जाकर टकरा गई.

ट्रक से कार टकराते ही एयर बैग खुल गया जिससे दोनों की जान बच गई. मां व बेटी ने नाम नहीं छापने का आग्रह किया. पुलिस दोनों को थाना ले गई.

# स्कूल फीस बकाया रहने पर भाई बहन को परीक्षा से किया वंचित

## जिला शिक्षा अधीक्षक से हस्तक्षेप का आग्रह

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

डीएसएमस्कूल फॉर एक्सीलेंस, काशीडीह ने स्कूल फीस बकाया रहने पर 12 वीं के छात्र निधीश गुप्ता एवं उसकी बहन याना गुप्ता को फर्स्ट टर्म की परीक्षा से वंचित कर दिया. यही नहीं दोनों के स्कूल जाने पर कक्षा के बाहर बैठा दिया. इसका विरोध करने पर स्कूल प्रबंधन दोनों बच्चों को कम अटेंडेंस का हवाला देकर स्कूल से निकालने की तैयारी कर रहा है. इसकी जानकारी जमशेदपुर अभिभावक संघ को होने के बाद दोनों बच्चों की मां के साथ संघ के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार ने जिला शिक्षा अधीक्षक से शिकायत कर मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया.

डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों की स्कूल फीस पहले से ही बकाया थी. जिसमें 20 हजार 800 रुपया अप्रैल माह में जमा किया गया. इसी बीच गर्मी की छुट्टी घोषित हो गई. छुट्टी के बाद बकाया फीस जमा किया जाना था. इसी बीच दोनों बच्चों के पिता को हार्ट अटैक आया जिसके कारण उनका टीएमएच में ऑपरेशन कराया गया. ऐसी परिस्थिति में अभिभावक की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई. जिसके कारण स्कूल फीस बकाया रह गया. इसकी जानकारी दोनों बच्चों की मां ने स्कूल प्रबंधन को दी तथा फीस जमा करने के लिए समय मांगा. लेकिन प्रबंधन 10 जुलाई तक फीस जमा करने पर अड़ गया.

**ग्रेस मार्क्स व बाकी विषयों की परीक्षा देने की मांग**

डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से मांग की है कि अभिभावक की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए फीस जमा करने के लिए कुछ दिनों की मोहलत दी जाय. साथ ही परीक्षा से वंचित विषयों में ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तथा शेष विषयों की परीक्षा से छात्रों को वंचित नहीं करने की मांग की. जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस मामले में स्कूल से पत्राचार करने की बात कही है.

### धालभूमगढ़ के काशीडीह गांव के पास अप लाइन पर मिला अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के काशीडीह गांव के पास रेलवे अप लाइन पर पोल संख्या 205/1 से 204/27 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से बुधवार को मौत हो गई. शव को कुछ दूर तक मालगाड़ी खींच कर ले जाने से शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था. इसके उसकी पहचान नहीं हो पाई है. धालभूमगढ़ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया. घटनास्थल के पास खैनी की पुड़िया तथा जलेबी पाई गई. समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को घटना स्थल पर बुलाकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शव के क्षत विक्षत हालत में होने के कारण कोई भी इसकी पहचान नहीं कर सका. पुलिस फिल्हाल अपने स्तर से जानकारी जुटाने में लगी हुई है.

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक, घाटशिला की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**संवाददाता । घाटशिला**

विधायक रामदास सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी.उन्होंने मुख्यमंत्री को विधानसभा स्तरीय समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा. हेमंत सोरेन ने मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समाधान हेतु संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि पत्र में वर्णित मांगों के बिंदुवार समाधान हेतु पहल किया जाएगा.

विधायक ने बताया कि दाहीगोडा स्थित हाथीजोबड़ा पुल से लेकर राजस्टेट फुटबॉल मैदान तक घाटशिला की मुख्य सड़क लगभग तीन किलोमीटर काफी जर्जर अवस्था में है. इसकी जल्द से जल्द मरम्मत करने के लिए भी मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है. इसके अलावा दहीगोड़ा हनुमान मंदिर से पेयजल स्वच्छता विभाग की पानी टंकी तक जर्जर सड़क निर्माण सहित गालूडीह धालभूमगढ़ के कई सड़क निर्माण तथा मरम्मत कराने की मांग की है.रामदास सोरेन ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक पत्र सचिव ग्रामीण विकास को भी दिया.

# एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न, विद्या मंदिर के 16 कैडेट हुए शामिल

## इंटर ग्रुप गवर्नर बैनर कैंप के लिए सार्जेंट श्रुति राय का चयन

**संवाददाता । घाटशिला**



संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के 16 एनसीसी कैडेट संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर से बुधवार को वापस आए. यह शिविर 1 से 10 जुलाई तक नेशनल इंस्टिट्यूशन्स ऑफ टेक्नोलॉजी आदित्यपुर में आयोजित हुआ. शिविर में संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के 11 छात्र एवं 5 छात्राएं शामिल थीं. प्रशिक्षण शिविर में लगभग 200 एनसीसी कैडेट को कई प्रकार के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, फायरिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, शस्त्र प्रशिक्षण दिए गए. इस प्रशिक्षण में सार्जेंट श्रुति राय का चयन आईजीजीबीसी (इंटर ग्रुप गवर्नर बैनर कैंप) के लिए हुआ है, जो 5 अगस्त से रांची में आयोजित होगी. प्रशिक्षण शिविर में कैडेट पिऊ चटर्जी तथा कैडेट अभिषेक राउत को बेस्ट ड्रिल के लिए प्रमाण पत्र तथा मेडल से सम्मानित किया गया. दो वर्ष की कड़ी मेहनत के उपरांत उन्हें प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया. प्रशिक्षण के उपरांत ही एनसीसी कैडेट ए सर्टिफिकेट परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त करते हैं. संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कमांडिंग ऑफिसर विनय आहूजा की देखरेख में आयोजित किया गया था. विद्यालय प्रशासिका श्रीमती शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक सह एनसीसी अधिकारी डॉ प्रसेनजीत कर्मकार व प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दी.

**विकास** 90.728 लाख की लागत से बनेगी, आदित्यपुर नगर निगम ने निकाला टेंडर

# जय प्रकाश उद्यान होकर लक्ष्य अपार्टमेंट तक बनेगी सड़क

**संवाददाता । आदित्यपुर**



जय प्रकाश उद्यान होकर लक्ष्य अपार्टमेंट तक जय प्रकाश नगर वासियों के लिए पथ निर्माण विभाग सड़क बनाएगी. पिछले वर्ष ही लंबी लड़ाई के बाद वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला था. अब विभाग ने टेंडर निकाला है. बता दें कि वर्षों से जय प्रकाश नगरवासी इसके लिए प्रयासरत थे.

वहीं स्थानीय पार्षद नीतू शर्मा और पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह समेत कई नेता भी इस सड़क निर्माण के लिए प्रयासरत थे. बता दें कि नगर निगम के वार्ड नंबर 17 के टाटा-कांड्रा मार्ग के सर्विस रोड से जयप्रकाश उद्यान होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक बनने वाली पीसीसी सड़क का टेंडर मंगलवार को फाइनल हुआ है. पथ निर्माण विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है. सड़क के निर्माण पर लगभग 90.728 लाख की लागत आएगी. 23 जुलाई को निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, जबकि निविदा खोलने की तिथि 24 जुलाई अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित है.

इस सड़क के निर्माण के प्रयास में वार्ड के हरिनंदन रजक, ओम प्रकाश, दशरथ प्रसाद, दया शंकर सिंह, विनीत सहाय, राजू सिंह, अनिल प्रसाद, प्रतिमा देवी, शशांक रजक, जीतेन्द्र रजक, राजेश चौरसिया, अमित राय, शशांक शेखर आदि का अहम योगदान रहा.

**लंबे संघर्ष के बाद हुआ सड़क निर्माण का रास्ता साफ : नीतू शर्मा**

पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने इसे जनता की उपलब्धि बताया हैं. उन्होंने कहा कि जनता के संघर्षों की वजह से बुधवार को करीब 20 वर्षों बाद इस सड़क के बनने का रास्ता साफ हुआ है. अपने कार्यकाल में नगर निगम से लेकर वन विभाग और जिलाधिकारी तक जो भी बन पड़ा प्रयास किया. अंततः अंतिम बोर्ड बैठक में योजना पास कराने में सफल रही. इसके लिए जनता का भरपूर सहयोग मिला. वास्तव में यह योजना जनता के संघर्षों की जीत है.

---

## न्यूज अपडेट

### चेंगजोडा गांव में नगद समेत 2.4 लाख की चोरी



**घाटशिला ।** थाना क्षेत्र के चेंगजोडा गांव निवासी मनोज गोराई के घर में मंगलवार की देर रात चोर ने घर में रखे नगद 1.40 लाख रुपये एवं करीब 1 लाख रुपये के सोने व चांदी के गहने चोरी कर ली. घटना के संबंध में मनोज गोराई ने बताया कि रात लगभग 11 भोजन करने के पश्चात परिवार के सभी लोग सोने चले गए. चोर पीछे के दरवाजा खोलकर कब घर में प्रवेश किया किसी को पता नहीं चल पाया. घर में रखे अलमीरा की चाबी से अलमारी खोलकर नगद व सोने का चेन, झुमका, चांदी का बाला एवं चेन चोरी कर फरार हो गया. बेटा भाड़ा में गाड़ी लेकर गया था. सुबह लगभग 3 बजे जब आया तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ था.घटना की जानकारी घाटशिला थाना को दी गई. पुलिस कार्रवाई में जुट गई है.

### राज्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल



**आदित्यपुर ।** पाटरा जाति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात की. प्रतिनिधि मंडल में सरायकेला खरसावां जिले के पाटरा जाति के 30 से अधिक सदस्य शामिल थे. उन्होंने पाटरा जाति को ओबीसी अनुसूची 2 मे शामिल करने की मांग की. अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र उपायुक्त से पाटरा जाति का आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रतिवेदन मांगेंगे और उनकी जाति को ओबीसी अनुसूची 2 में शामिल कराएंगे. इस अवसर पर अभिमन्यु पुथाल, निरंजन पुथाल, संजीव कुमार पुथाल, कमल कुमार पुथाल, अजीत कुमार पात्रो, सुमंत सेनापति, वकील राउत, हेमंदो बेहरा,घनश्याम बेहरा, रंजन प्रधान आदि उपस्थित थे.

### वोटर सत्यापन अभियान में जुटे एसडीओ सरायकेला



**आदित्यपुर ।** घर-घर वोटर सत्यापन अभियान में स्वयं सरायकेला के एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति जुटे हुए हैं. सरायकेला एसडीओ ने बुधवार को आदित्यपुर कालोनी में घर-घर जाकर वोटर सत्यापन किया. इस अभियान में उनके साथ क्षेत्र के बीएलओ भी सक्रिय रूप से लगे हैं जो घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं. बता दें कि इन दिनों पूरे राज्य में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वोटरों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है. सभी घरों में एसडीओ और बीएललो द्वारा किये जा रहे वोटर सत्यापन कार्य की आम लोगों ने सराहना की है. भाजपा नेता राकेश रमन चौधरी ने इस भीषण गर्मी में अनुमंडल पदाधिकारी सहित इस कार्यक्रम में लगे निर्वाचन शाखा के सभी लोगों को बधाई दी है.

### 15 को सम्मानित किये जाएंगे भाजपा के बूथ कार्यकर्ता



**घाटशिला ।** जिला कार्यालय घाटशिला में बुधवार को विधानसभा स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत लोकसभा चुनाव में घाटशिला विधान सभा क्षेत्र से भारी मतों के अंतर से सांसद विद्युत वरण महतो को तीसरी बार सांसद बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने वाले बूथ कार्यकर्ताओं को पार्टी की ओर से 15 जुलाई को घाटशिला नेताजी टाउन हॉल में अभिनन्दन सह विजय संकल्प सभा के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा. बैठक में दिनेश साव, हराधन सिंह, मनोज प्रताप सिंह, गौर पात्र, संजय तिवारी, हेमंत नारायणदेव, सुभाष सिंह, देवयानी मुर्मू , माला दे, गीता मुर्मू, सुजन मन्ना, राहुल पांडेय एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### प्रतीक्षालय झाड़ियों व गंदगी से घिरा, यात्री परेशान



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के भूतिया पंचायत अंतर्गत मटिहाना चाकुलिया मुख्य सड़क पर चंद्रपुर गांव में अवस्थित यात्री प्रतीक्षालय झाड़ियों से घिरा और गंदगी से भरा है. इससे वहां से आने जाने वाले लोगों को सड़क किनारे बारिश तथा धूप में खड़ा होना पड़ता है. वहीं आने जाने वाले लोगों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय की छत से पानी टपकता है. साथ ही गंदगी लगी रहने के कारण सड़क किनारे खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है. यदि सरकार तथा जनप्रतिनिधि की ओर से इसकी मरम्मत तथा साफ-सफाई कराई जाती है तो आने-जाने वाले यात्रियों को ठहरने में सहूलियत होती.

### अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, 500 किलो महुआ जब्त



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने राखा कॉपर से सटे ऊपर रूआम में अवैध महुआ शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया. इस अभियान में ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्र में चल रहे छह अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया. पुलिस की अब तक की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है. पुलिस भट्ठी से 500 किलो महुआ जावा जब्त किया है. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चल अवैध शराब माफियाओ में हड़कंप है. इस अभियान की अगुवाई जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार कर रहे थे. टीम में सब इंस्पेक्टर प्रीतम राज समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे. थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि छापामारी अभियान के दौरान सभी आरोपी भागने में सफल रहे.

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को विद्युत एसइ से मिले



**आदित्यपुर ।** नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को विद्युत अधीक्षण अभियंता जमशेदपुर सर्किल दीपक कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर आदित्यपुर नगर निगम स्थित वार्ड नंबर- 32 सहित सभी 35 वार्ड में जर्जर बिजली के पोल को को बदलने, आवश्यकता अनुसार नए पोल लगाने, नया एलटी केबलिंग करने तथा ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. पुरेंद्र नारायण सिंह ने अधीक्षण अभियंता से मांग की है कि आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत सबसे पहले बंतानगर, बाबा आश्रम, कुलूपटागा, लंका टोला, रायडीह बस्ती, जयप्रकाश उद्यान, मांझी टोला, सालडीह बस्ती, बेलडीह बस्ती, विद्युत नगर, शर्मा बस्ती, इच्छापुर, आसंगी, शहरबेरा, सापड़ा, आनंदपुर, उत्तमडीह, सतबोहनी इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाए. अधीक्षण अभियंता ने बतलाया कि पूरे सर्किल में लाइन लॉस को कम करने हेतु शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा.

## नव निर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

**चक्रधरपुर ।** 13 और चक्रधरपुर के चांदमारी में नव निर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान बुधवार से शुरू हुआ. इस अवसर पर बुधवार की सुबह चांदमारी स्थित नव निर्मित शिव मंदिर प्रांगण से बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. इसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए. कलश यात्रा चांदमारी से निकलकर संतोषी मंदिर रोड, बाटा रोड, पवन चौक, थाना रोड होते हुए मुक्तिनाथ महादेव घाट थाना नदी पहुंची. वहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा गया. इसके बाद यहां से महिला और पुरुष श्रद्धालु कलश लेकर पुनः मंदिर पहुंचे. मंदिर में कलश की स्थापना कर मंत्रोंच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू किया गया. जहां पुजारी अनंत पाठक ने विधि विधान के साथ पूजा करायी वहां, दोपहर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए. इस दौरान मंदिर के आसपास आकर्षक तरीके से साथ-साथ जैविक की गई थी.इस मौके पर गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि, विनोद जायसवाल, रवि साहू समेत आयोजन समिति के अन्य सदस्य व स्थानीय लोग मौजूद थे.



### कोल्हान विश्वविद्यालय में उन्नति का पहिया कार्यक्रम का आयोजन, परिवहन मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन

# डीएमएफटी मद से 500 स्कूलों को पुनर्जीवित करने का काम शुरू : दीपक

- घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है
- बच्चे अपनी-अपनी भाषा में कर सकेंगे पढ़ाई

**संवाददाता । चाईबासा**

कोल्हान विश्वविद्यालय के सभागार में बुधवार को झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत परिसंपत्ति वितरण 'उन्नति का पहिया' कार्यक्रम आयोजित की गई. कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की. समारोह में मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों पर जनजातीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा से प्राथमिक स्तर पर बच्चे पढ़ाई प्रारंभ कर सकते हैं, उसके लिए घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है. हो, संथाल, मुंडारी, कुरुक, खोरठा, खारिया, पंचपड़गानिया, ओड़िया, बंगाली सहित अन्य भाषाओं से बच्चे अपनी पढ़ाई कर सकेंगे.

राज्य सरकार लगातार ग्रामीण स्तर पर उच्चतम शिक्षा हेतु जोर दे रही है. डीएमएफटी मद से जिले के लगभग 500 विद्यालयों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है. इसमें शिक्षा के स्तर पर सुधार लाने हेतु शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है. पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई सभी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सरकार का लक्ष्य है. कल्याण विभाग की ओर से साइकिल वितरण किया जाना है. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोगों को उसका लाभ देना है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके सशक्तीकरण के लिए उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन के लिए 1000 रुपए प्रत्येक माह देने का योजना बनायी गयी है. कैबिनेट में मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को अगस्त माह से लागू करने का निर्देश दिया है.




कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी व अन्य.



उन्नति का पहिया कार्यक्रम में छात्राओं को दी गई साइकिल.

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की सांसद जोबा मांझी, मझगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरल पूर्ति, चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुखराम उरांव, चाईबासा जिला परिषद अध्यक्षा लक्ष्मी सुरेन, आयुक्त सिंहभूम कोल्हान प्रमंडल श्री हरि कुमार केसरी, उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### कार्यक्रम में परिसंपत्ति वितरण का विवरण

जिला समाज कल्याण विभाग से दो लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से लाभान्वित किया गया. जिला कल्याण विभाग से दो लाभुकों को वनपट्टा और दो लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से स्कॉर्पियो वाहन प्रदान किया गया. जेएसएलपीएस विभाग से एक लाभुक को चक्रीय निधि राशि और एक लाभुक को सामुदायिक निवेश निधि राशि प्रदान की गई. ग्रामीण विकास विभाग से एक लाभुक को आबुआ आवास योजना और एक लाभुक को आवास योजना से लाभान्वित किया गया. मनरेगा से एक लाभुक को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन योजना और एक लाभुक को बिरसा हरित ग्राम योजना से लाभान्वित किया गया. पशुपालन विभाग से दो लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना से लाभान्वित किया गया. जिला गव्य विकास विभाग से दो लाभुक को पांच गाय का मिनी डेयरी योजना से लाभान्वित किया गया. जिला कृषि विभाग से एक लाभुक को पम्पसेट 5 एचपी और एक लाभुक को पैड़ी ट्रेसर प्रदान किया गया. जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से दो लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया गया. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से दो लाभुक को ट्रैक्टर, तीन लाभुक को स्कॉर्पियो दिया गया है.

### आंदोलन तेज करने के लिए आज मधु कोड़ा के गुवा आवास पर संयुक्त यूनियन की होगी बैठक

# मजदूरों ने मशाल जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

- जुलूस राम मंदिर से निकल कर जेनरल ऑफिस पहुंचा
- सेल की गुवा खदान में आंदोलन 7वें दिन भी जारी

**संवाददाता । किरीबुरू**

अनिश्चितकालिन स्लो डाउन आंदोलन में शामिल संयुक्त यूनियन ने आंदोलन के सातवें दिन बुधवार की शाम राम मंदिर से जेनरल आफिस, गुवा तक मशाल जुलूस निकाला. इस जुलूस में विभिन्न यूनियनों के दर्जनों मजदूर नेताओं के अलावे काफी संख्या में मजदूर और ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल थे. सभी एक स्वर में नारा लगाते रहे, गुवा प्रबंधन मुर्दाबाद, हमारी चार सूत्री मांगें पूरी करो, खदान से प्रभावित गांवों व गुवा के 500 स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देना होगा. अंत में सभी जलते मशाल को जेनरल ऑफिस गेट के सामने रखकर लौट गये.

यह स्लो डाउन आंदोलन चार जुलाई से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में सेल की गुवा खदान में संयुक्त यूनियन, सेलकर्मी व ठेका मजदूरों द्वारा किया जा रहा है. आंदोलन से एक दिन पूर्व 3 जुलाई की शाम मधु कोड़ा के नेतृत्व में जेनरल ऑफिस का घेराव व प्रदर्शन किया गया था. प्रदर्शन के दौरान ही प्रबंधन ने मधु कोड़ा के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन वार्ता विफल रही. इसके बाद अगले दिन से खदान में स्लो डाउन आंदोलन शुरू किया गया है, जो जारी है. मजदूर नेता राजेश कोड़ा द्वारा 11 जुलाई से गुवा खदान में अनिश्चितकालिन आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा की गई थी. उसे अभी स्थगित किया गया है, क्योंकि मशाल जुलूस में मधु कोड़ा के भी शामिल होकर आगे की रणनीति बनानी थी. बुधवार को नक्सली बंदी के कारण मधु कोड़ा गुवा नहीं आ पाये. मधु कोड़ा गुरुवार को गुवा स्थित अपने आवास पहुंचेंगे. यहां खदान के सभी मजदूरों को अपनी हाजिरी बनाकर सुबह 11 बजे पहुंचना है. बैठक में निर्णय के बाद आंदोलन को तेज करने की घोषणा हो सकती है.



मशाल जुलूस निकाल कर जेनरल ऑफिस के सामने प्रदर्शन करते मजदूर, ग्रामीण और यूनियन के लोग.

### प्रबंधन व यूनियन में हुई तीसरी वार्ता भी विफल

सेल की गुआ खदान में संयुक्त यूनियन, सेलकर्मी व ठेका मजदूरों का अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में 10 जुलाई को लगातार सातवें दिन भी जारी रहा. 9 जुलाई की रात गुवा खदान के जेनरल ऑफिस में सीजीएम कमल भास्कर की पहल व अध्यक्षता में आंदोलन में शामिल संयुक्त यूनियन के पदाधिकारियों साथ वार्ता हुई.

वार्ता में दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अड़े रहे. इस कारण वार्ता विफल हो गई. मजदूर नेता रामा पांडेय ने बताया कि गुवा प्रबंधन 25 बेरोजगारों को बतौर ठेका मजदूर काम पर तत्काल रखने तथा बाद में चरणबद्ध तरीके से कुछ और बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कह रहा है. लेकिन हमारी मांग है कि प्रबंधन 150 बेरोजगारों को तत्काल रोजगार दे. यह आंदोलन चार सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है. मजदूरों की जो मांग है कि बाहर से नियुक्त कर गुवा भेजे गये एस-3 ग्रेड के 18 सेलकर्मियों को तत्काल वापस भेजना, ठेका मजदूरों को समान कार्य का समान वेतन व सुविधाएं, सेवानिवृत्त सेलकर्मियों के आश्रितों को नौकरी एवं 500 पदों पर खदान से प्रभावित गांवों व गुवा के बेरोजगारों को नौकरी दे.

### आंदोलन को मानकी-मुंडा ने दिया समर्थन

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में सेल की गुवा खदान में संयुक्त यूनियन, सेलकर्मी व ठेका मजदूरों द्वारा जारी अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन को मानकी-मुंडा ने पूरा समर्थन दिया है. इस संबंध में बुधवार को जामकुंडिया गांव में मानकी लागुड़ा देवगम की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में जोजोगुटु मुंडा कानुराम देवगम, राजाबेड़ा मुंडा जामदेव चाम्पिया, जामकुंडिया मुंडा कुशु देवगम, मुखिया मुन्नी देवगम आदि शामिल हुये. सभी ने कहा कि हम सारंडा वासियों के लिये यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे घर में सेल जैसी महारत्न कंपनी की गुआ, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, चिड़िया जैसे खदानों के अलावे टाटा स्टील की खदान है. इसके बावजूद हमारे गांवों के बेरोजगार युवकों को चतुर्थ श्रेणी तक की नौकरी नहीं मिल रही है. इन खदानों से बहकर आने वाले लाल पानी व मिट्टी से सिर्फ हमारी कृषि भूमि बंजर हो रही है, नदी-नाला व पर्यावरण प्रदूषित होकर तरह-तरह की बीमारियां मिल रही हैं. इन खदानों के रहने से हम ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं है. ऐसी स्थिति में हम मानकी-मुंडा व ग्रामीण संयुक्त यूनियन के आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं. मानकी ने कहा कि जिस दिन से खदान में आर्थिक नाकेबंदी शुरू होगी, उस दिन से ग्रामीण भी बडे. पैमाने पर आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन में बढ़-चढ़कर शामिल होंगे. सेल व टाटा स्टील खदान प्रबंधन प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को शत फीसदी नौकरी दें. कम से कम चतुर्थ व तृतीय श्रेणी की बहाली में सारंडा के बेरोजगारों को ही शत फीसदी प्राथमिकता दें.



बैठक में शामिल मानकी-मुंडा.

## विस चुनाव में पुराने कार्यकर्ता को ही प्रत्याशी बनाने की मांग



**किरीबुरू ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बैठक सह भाजपा परिवार विशिष्ट नागरिक मिलन समारोह नोवामुंडी प्रखंड के कुटिंगता एरोड्राम में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश प्रधान की अध्यक्षता में बुधवार को हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा के लिए समर्पित, संगठन को खड़ा करने व एकजुटता बनाये रखने वाले कार्यकर्ता को ही आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाए. नये प्रत्याशी को मंजूर नहीं किया जायेगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी के पुराने नेता रांची जाकर प्रदेश नेतृत्व से मिलकर इसकी जानकारी देंगे. बैठक में युवा मोर्चा जिला महामंत्री गौतम महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बंगाली प्रधान, रंजीत नायक, सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास, मंत्री विनय दास, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा, उपाध्यक्ष हरिचरण सांडिल, पूर्व उपाध्यक्ष साहू पुरती, एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा, जगन्नाथपुर एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चर्चिल केराई, नोवामुंडी एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुखराम लागुरी, सारंडा एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दामोदर बारी, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अर्जुन भैंसा, संतोष पान, मिश्रो गागराई, राजेश सिंकु, मंगल गोप, संजीत गौड़, संतोष पान, निर्मल प्रधान, मनोज पुरती, जीतू आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### आज सोनुआ में छह घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चक्रधरपुर ।** बिजली विभाग की ओर से गोइलकेरा पावर सब स्टेशन से सोनुआ पावर सब स्टेशन 33 हजार केवी मेन लाइन में गुरुवार को मरम्मत का काम किया जाएगा. इसे लेकर गुरुवार को सोनुआ बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति छह घंटे के लिए बाधित रहेगी. इस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में होने वाली गड़बड़ी को कम करने के लिए पेड़ों की शाखाओं की कटाई और जम्पर को मजबूत करने का काम किया जाएगा. वहीं प्रत्येक फीडर पर काम किया जा रहा है. तार की मरम्मत की जा रही है.

### अस्पताल पहुंचे सुखराम घायलों की ली जानकारी

**चांडिल ।** चांडिल प्रखंड के भादुडीह के पास बुधवार को हुए बज्रपात में तीन की मौत और अन्य के घायल होने की खबर सुनते ही झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम एमजीएम अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना. उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों से बात की और सभी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि शाम को हुई बारिश आफत बनकर आई. बज्रपात होने से हमसादा गांव निवासी सुभद्रा माझी, बिरेश माझी और सुकु मार्डी कर मौत हो गई.

### चांडिल : घायलों की मदद करे प्रशासन : देवाशीष राय

**चांडिल ।** भाजपा नेता सह जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय ने कहा कि वज्रपात के कारण मृत लोगों के साथ घायलों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि दिया जाए. स्थानीय प्रशासन घायलों के बेहतर इलाज के लिए पुख्ता प्रबंध करे और तत्काल सहयोग करे. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना बेहद दुखद है. उन्होंने प्रशासन से वज्रपात से बचने के उपाय और इस दौरान क्या करें - क्या ना करें इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने की मांग की.

### समय पर मजदूरी भुगतान नहीं होने पर होगी कार्रवाई

**चांडिल ।** चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पत्र जारी कर 15वें वित्त आयोग योजना के कार्यों में मजदूरी भुगतान में अनियमितता को सुधारते हुए मजदूरों को समय पर नियमित रूप से मजदूरी का भुगतान करने का निर्देश दिया है. ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी. उन्हें ऐसी सूचना मिली है कि सभी ठेकेदार व लाभुक समिति, पंचायत स्तर व पंचायत समिति स्तर की योजना में कार्यरत मजदूरों की मजदूरी भुगतान नियमानुसार नहीं कर रहे हैं.

## अमरनाथ यात्रा से लौटने पर श्रद्धालुओं का हुआ अभिनंदन



अमरनाथ यात्रा से लौटे यात्री.

**संवाददाता । चांडिल**

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 22 श्रद्धालुओं का जत्था 26 जून को अमरनाथ और माता वैष्णो देवी की यात्रा पर रवाना हुआ था. आज बुधवार को यह जत्था अमरनाथ और वैष्णो देवी का दर्शन-पूजन कर वापस लौट आया है. चांडिल स्टेशन पर भाजपा के सरायकेला-खरसावां जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई के नेतृत्व में नेता व कार्यकर्ताओं ने इनका भव्य अभिनंदन किया. सभी यात्रियों का पैर धोकर और अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया. जत्थे में सुब्रतो नाग, अरुण गोराई, अमियो प्रामाणिक, राजेश गोप, रंजीत गोप, भजोहरि प्रामाणिक, परेश महतो, श्रावण कुमार, विद्युत महतो, शिवराम दत्ता, उज्ज्वल कुमार नाग, पप्पु नाग, कैलाश गोराई, दिलीप कुमार नाग, सनातन गोराई, भीमसेन महतो, सोमनाथ महतो, स्वरूप नाग, रतन महतो व अन्य शामिल हैं. श्रद्धालुओं ने तीन जुलाई को अमरनाथ और पांच जुलाई को वैष्णो देवी का दर्शन किए.

## नक्सली बंदी का व्यापक असर रहा सोनुआ में , बंद रही दुकानें

**चक्रधरपुर ।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा बुधवार को बुलाई गई कोल्हान बंद का सोनुआ में व्यापक असर देखा गया. नक्सली बंदी के कारण बुधवार सुबह से ही सोनुआ बाजार के अलावे टुनिया और लोटापहाड़ स्थित बाजार में दुकानें बंद रहीं. सड़कों पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा. इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. जिन्हें बंदी की जानकारी नहीं थे वे घरों से निकले, लेकिन बसें नहीं चलने से परेशान रहे.सोनुआ से जमशेदपुर, चाईबासा, चक्रधरपुर की ओर चलने वाली बस व अन्य यात्री वाहनों का परिचालन बंद रहने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. वाहनों का परिचालन बंद रहने से सड़क पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा. वहीं, नक्सली बंदी के असर से बैंक, पोस्ट ऑफिस व पेट्रोल पंप बंद रहे. सरकारी कार्यालयों में आम दिनों की तरह ग्रामीणों की चहल-पहल नहीं दिखी. इस दौरान पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी.

## नक्सली बंद का मिलाजुला असर, नहीं चलीं यात्री बसें

**संवाददाता । किरीबुरू**

भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा 10 जुलाई को आहूत कोल्हान बंद का मिलाजुला असर लौहांचल व कोल्हान क्षेत्र में देखने को मिल रहा है. बंद के दौरान अभी तक कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है. पुलिस और सीआरपीएफ सारंडा एवं कोल्हान जंगल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निरंतर सर्च अभियान चला रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके. नक्सलियों की बंद की वजह से किरीबुरु से जमशेदपुर, रांची, मनोहरपुर रुट की एक भी यात्री बसें नहीं चलीं. इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. शहर की दुकानें, बाजार, स्कूल आदि आम दिनों की तरह खुले रहे. नक्सल प्रभावित सारंडा स्थित करमपदा-रेंगड़ा रेल मार्ग पर तोपाडीह क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर नक्सलियों द्वारा बडे.पैमाने पर पोस्टर डाले जाने की वजह से रेलवे परेशान रहा. इस मार्ग पर सिर्फ मालगाड़ी चलती है जो सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु खदान से लौह अयस्क की ढुलाई करती है. इस मार्ग पर सुबह तक मालगाड़ी का आवागमन होता रहा था. 23 मई को लोवादा गांव के निकट जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली बुधराम मारा गया था. 17 जून की सुबह लिपुंगा गांव के समीप कोल्हान जंगल में पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली कांडे होनहागा, सिंगराय, सपनी हांसदा, सूर्या देवगम उर्फ मुंडा और जोगा मारला मारे गये थे.



किरीबुरु बस स्टैंड में खड़ी बसें.

## न्यूज अपडेट

### न्याय पंच की न्यायिक प्रक्रिया शुरु की गई है : बिरुवा

**चाईबासा ।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, कल्याण वर्ग एवं परिवहन विभाग मंत्री दीपक बिरुवा ने सदर अनुमंडल कार्यालय के समीप नवनिर्मित कोल्हान कार्यालय एवं मानकी मुंडा न्याय पंच कार्यालय का उद्घाटन किया. समारोह में मंत्री ने कहा कि मानकी मुंडा न्याय पंच कार्यालय खुलने पर कार्य करने में सहूलियत होगी. इससे दीवानी वादों के पंच कार्रवाई व कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को करने सहित मानकी-मुंडा को बैठने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी. उन्होंने कहा कि मानकी-मुंडा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए न्याय पंच की न्यायिक प्रक्रिया की शुरुआत की गई है.



### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में लगाई आग

**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर थाना क्षेत्र स्थित पुरानापानी गांव में एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई. हालांकि मोटरसाइकिल में आग किसने लगाई है, पुलिस इसकी जांच कर रही है. घटना मंगलवार देर रात की है. बताया जाता है कि मंगलवार की रात पुरानापानी गांव निवासी सुरेश नायक रोजाना की तरह घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर दी थी. बुधवार अहले सुबह जब वे सोकर उठे तो देखा मोटरसाइकिल में आग लगी हुई है. उन्होंने मोटरसाइकिल में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह जलकर पूरी तरह खाक हो गई. इधर घटना की सूचना सुरेश नायक ने पुलिस को दी. मौके पर पहुंच कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. इधर नक्सलियों की बंदी को लेकर भी लोगों में दहशत है.



### टेम्पो पलटने से दो गंभीर रूप से घायल, इलाजरत

**चक्रधरपुर ।** सोनुवा-गुदड़ी मुख्य सड़क के झुम्परा गांव के पास बुधवार को टेम्पो पलटने से दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये. दोनों घायल को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सोनुवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. यहां घायलों का इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि सोनुवा के बालजोड़ी से आठ ग्रामीण एक टेम्पो में सवार होकर झुम्परा गांव जा रहे थे. इस बीच टेम्पो चालक ने नियंत्रण खो दिया. इससे झुम्परा गांव के पास टेम्पो पलट गई. इस घटना में टेम्पो में सवार बालजोड़ी गांव के 22 वर्षीय परमेश्वर पूर्ति व 34 वर्षीय शिव चरण गागराई को गम्भीर चोट लगी है. वहीं अन्य ग्रामीण बाल-बाल बच गए.



**परेशानी**

### प्रखंड में ना पदाधिकारी, ना पर्यवेक्षक, ना चिकित्सक, प्रभार पर चल रहा सारा काम-काज

# वैशाखी पर चल रहा आकांक्षी प्रखंड में संपूर्णता अभियान

**दिलीप कुमार । चांडिल**

आकांक्षी प्रखंड के तहत नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य बगैर स्थायी पदाधिकारियों के कैसे पूरे होगा. आखिर नीति आयोग की योजनाओं को धरातल पर कौन उतारेगा. क्या प्रभार के पदाधिकारी मूल पदस्थापना वाले प्रखंड के अलावा प्रभार वाले प्रखंड का सारा काम एक साथ कर्मठता के साथ कर पाएंगे.

नीति आयोग देश के पिछडे जिले और प्रखंडों के समग्र विकास के लिए आकांक्षी कार्यक्रम चला रहा है. चयनित जिला और प्रखंडों में लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. सरायकेला-खरसावां जिला के पिछड़े प्रखंड कुकड़ू का चयन भी आकांक्षी प्रखंड के रूप में किया गया है. लोगों के साथ पूरे क्षेत्र के विकास के लिए यहां संपूर्णता अभियान प्रारंभ किया गया है. संपूर्णता रथ रवाना किया गया है, जो प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा और उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगा. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं चला रहे हैं.



कुकड़ू प्रखंड कार्यालय.

### ईचागढ़ बगैर पदाधिकारियों के कैसे सफल होगा

क्या सरकार का यह अभियान कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में सफल हो पाएगा? क्या अभियान शुरू करने से पहले सरकार ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है. सरकार के विकासोन्मुखी योजनाओं को आखिर धरातल पर कौन उतारेगा. सरकार स्वयं कुकड़ू प्रखंड को वैशाखी पर चला रही है और दौड़ में प्रथम आने की उम्मीद पाले बैठी है. कुकड़ू प्रखंड बने 14 साल बीत गए हैं. वर्ष 2009 में ईचागढ़ के पांच और नीमडीह के चार पंचायतों को मिलाकर कुकड़ू को नया प्रखंड बनाया गया था. वर्तमान में प्रभार पर चल रहे कुकड़ू प्रखंड में ना प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की पदस्थापना है और ना अंचल अधिकारी (सीओ) की. प्रखंड कार्यालय का सभी प्रमुख पद प्रभार पर चल रहा है. कुकड़ू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं. इस वर्ष जनवरी से ईचागढ़ प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी कुकड़ू प्रखंड के अतिरिक्त प्रभार में हैं.

### आकांक्षी प्रखंड कुकड़ू को मॉडल बनाने का है लक्ष्य

कुकड़ू प्रखंड में छह इंडिकेटर्स पर फोकस करते हुए आकांक्षी प्रखंड कुकड़ू को मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है. मालूम हो कि यह कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलाई जाएगी. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित छह इंडिकेटर्स पर लोगों को जागरूक करना है और योजनाओं का लाभ आम लोगों को देना है. छह इंडिकेटर के तहत किए जाने वाले कार्यों में प्रसव पूर्व देखभाल, पंजीकृत गर्भवतियों, मधुमेह की जांच कराने वाले लोगों, उच्च रक्तचाप की जांच कराने वालों का प्रतिशत मुख्य है.

### ब्रीफ खबरें

## भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज

**विष्णुगढ़।** भारतीय न्याय संहिता के तहत विष्णुगढ़ थाने में पहला मामला दर्ज किया गया है. अंग्रेजों के जमाने के कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह यह कानून लाया गया है. थाना अंतर्गत चानो के प्यारी रविदास ने पड़ोसियों के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज करने का आरोप लगाया है. पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध 127(1), 116(2), 109, 351(2) एवं 3(5) धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है. पीड़ित ने थाने को दिए गए आवेदन में कहा है कि उनके पड़ोसी पवन, शिवम, संदीप, कमल, जानकी, आनंद, विजय, चेतलाल व प्रकाश ने उनके घर के सामने जमावड़ा लगा दिया था. मना करने पर नामजद लोगों ने उनके साथ मारपीट तथा गाली गलौज की.

## वन विभाग ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**चौपारण।** वन विभाग ने वन क्षेत्र से चोरी से बालू लोड करते एक ट्रैक्टर जब्त किया. इस संबंध में वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि करमा जंगल से अवैध रूप से बालू चोरी करते राजेश यादव का ट्रैक्टर जब्त किया गया. उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई एसीफ और रेंजर की अगुवाई में करवाई की गयी है. अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया. ट्रैक्टर मालिक पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. मालूम हो कि चौपारण सहित पूरे झारखंड में एनजीटी लागू हुए एक माह बीत चुका है, लेकिन संबंधित विभाग मौनी बाबा बना हुआ है. मालूम हो कि एनजीटी 10 जून को लागू हो गया था. इसके बाद वन विभाग की पहली करवाई कई सवाल को जन्म देती है. एक माह में बालू तस्करों ने बालू को जगह जगह पर जमा कर लिया. साथ ही 1200 रुपये की जगह 3000-4000 रुपये सीएफटी वसूला जा रहा है.

## पत्नी की हत्या का आरोपी गया जेल

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी बालों गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि गुड़वा गांव में छह जुलाई की रात आरोपी ने शराब के नशे में अपनी पत्नी मुन्नी देवी पिटाई की, जिससे आहत होकर सुबह पत्नी ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी. मृतका के भाई चतरा जिला के दुवारी निवासी मेघन गोप ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था. जानकारी मिलते ही पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया था.

## इलियास को बनाया गया जिला संयोजक

**रामगढ़।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने चैनगड़ा निवासी मो.इलियास को रामगढ़ जिला संयोजक के पद पर संगठन के चैयरमेन मोहित नवानी की स्वीकृती मिलने पर मनोनयन कर विधिवत घोषणा की. मो. इलियास के जिला संयोजक बनने से संगठन के लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. इधर, मौके पर नव मनोनीत जिला संयोजक मो. इलियास ने कहा कि संगठन से मिली जिम्मेवारियों को ईमानदारी और पूरी निष्ठापूर्वक निभाऊंगा और समाज में जरूरत दों के लिए हमेशा तत्पर बना रहूंगा. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रभु शंकर सिंह, शंकर कालिंदी, रजनी झा, अंजनी श्रीवास्तव, शंकर मिस्त्री, धिरज कुमार ठाकुर, शम्भु कुमार, सोनु कुमार शामिल हैं.

**मौसम की मार :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में किसान सिंचाई के लिए टैंकर का कर रहे इस्तेमाल

# मॉनसून की बेरुखी के बीच धान का बिचड़ा बचाने की चुनौती

संवाददाता। कटकमसांडी

मॉनसून की बेरुखी से परेशान किसान धान का बिचड़ा बचाने में जुटे हैं. सरकार की ओर से किसानों को अनुदान पर बीज वितरण किया जा रहा है, लेकिन खेतों में सिंचाई के लिए उन्हें किसी तरह की कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है. सरकार द्वारा सभी गांवों में तालाब, डोभा, कुआं आदि बनवाए जा रहे हैं, लेकिन इनमें केवल वर्षा का पानी पहुंचता है. प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे तालाब, डोभा, पोखर बनाए गए हैं जिससे केवल संवेदक और अधिकारियों को ज्यादा फायदा हुआ. कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में मॉनसूनी वर्षा नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ती दिख रही है. किसान धान के बिचड़ा में भाड़े पर टैंकर लेकर पानी डाल रहे हैं. किसान को एक टैंकर पानी लाने में सात सौ रुपये खर्च करना पड़ रहा है. आद्रा नक्षत्र बीत जाने के बाद भी प्रखंड के कुएं, नदी, तालाब, पोखर से किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण सिंचाई का खर्च बढ़ रहा है.

इस संदर्भ में किसान फिरोज खान, नरेश राणा, जानकी महतो, संजय राम, महताब खान ने बताया कि डोभा, कुआं, तालाब की खोदाई सही जगह होती किसानों को फायदा मिलता. खरीफ फसल की सिंचाई की सुविधा नहीं है. हमलोग हाइब्रिड बीज लगाते हैं लेकिन जिस तरह से मानसून की बारिश होनी चाहिए थी उस तरह से नहीं हो रही है. पहले के समय में आद्रा नक्षत्र में खेत, तालाब, डोभा, पोखर, कुआं और नदी में भर जाया करती थी, लेकिन आज के समय में किसान बारिश का इंतजार करते रहते हैं. दो तीन दिन में अगर वर्षा नहीं होती है तो धान का बिचड़ा नहीं बचेगा. ऐसे में हम किसान कर्ज कैसे चुकाएंगे.

**अगर दो तीन दिन में बरसात नहीं हुई तो किसान हो जाएंगे कर्जदार**



टैंकर के पानी से धान के बिचड़े का पटवन करते हुए किसान.

# घर-घर जाकर किया ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड का वितरण

- जिला परिवहन पदाधिकारी की अच्छी पहल, की गई सुरक्षित यात्रा की अपील

संवाददाता। रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ मनीषा वत्स ने ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत ड्राइविंग टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों के घर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड का वितरण किया. इसी क्रम में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 6 अभ्यर्थियों के घर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड वितरण किया. साथ ही लोगों को आस्वस्थ किया कि ड्राइविंग लाइसेंस अप्लाई करने के बाद ड्राइविंग टेस्ट में सफल होने के उपरांत शीघ्र ही परिवहन कार्यालय द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाता है. उन्होंने कहा कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन किए गए लोगों के बीच पूरी पारदर्शिता के साथ जल्द से जल्द ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जाता है. ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया काफी आसान एवं पारदर्शी है. योग्य पात्र किसी भी प्रज्ञा केंद्र से या स्वयं भी ड्राइविंग लाइसेंस हेतु आवेदन ऑनलाइन आवेदन समर्पित कर सकते हैं.

एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना क्षेत्र के प्रभावितों को डीसी का आश्वासन

# रैयतों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध

संवाददाता। हजारीबाग

उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना क्षेत्रांतर्गत विस्थापित रैयतों के मामलों को लेकर समीक्षा बैठक की गई. इसमें विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद सहित एनटीपीएसी के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे. बैठक में एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना क्षेत्रांतर्गत विस्थापित भू-स्वामियों द्वारा समर्पित 19 सूत्री मांग पत्र पर विशेष विचार विमर्श किया गया.

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि विस्थापितों एवं भू-मुआवजा का मामला केंद्र सरकार का है. मुआवजों को किस एक्ट के तहत भुगतान किया जाएगा इसके लिए एक्सपर्ट एवं एनटीपीसी की राय ली गई है. चूंकि यह एक निर्णायात्मक मुद्दा है इसलिए सभी पक्षों की रायशुमारी के बाद इसे राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि रैयतों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है. कहा कि उचित माध्यम द्वारा प्रयास होगा कि रैयतों की जो भी समस्याएं हैं, सही प्लैटफार्म तक ले जाएं ताकि जो उनके हित में तथा जो नियमानुसार है वो कार्रवाई की जा सके.



विस्थापितों के मामलों को लेकर हुई समीक्षा बैठक में उपस्थित उपायुक्त नैंसी सहाय, विधायक अंबा प्रसाद व अन्य.

### भू-मुआवजा को लेकर विशेषज्ञों ने दिये सुझाव

बैठक में इस मामले को लेकर मुआवजा से संबंधित विशेषज्ञों की राय ली गई. मौके पर मौजूद लोगों को विभिन्न एक्टों के बारे में बारीकियों से अवगत कराया गया. साथ ही एनटीपीसी के प्रतिनिधि ने भी मुआवजा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी. बैठक में उपायुक्त सहित अपर समहर्ता संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर शैलेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी बड़कागांव एवं केरेडारी, एनटीपीसी के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ सहित विभिन्न गांवों के रैयत आदि मौजूद थे.

### विस्थापित रैयतों की समस्याएं सर्वोपरि समाधान किया जाना जरूरी : अंबा प्रसाद

बैठक में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने प्रभावित भू-रैयतों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि विस्थापितों की समस्याएं प्रमुख एवं सर्वोपरि हैं, जिनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार का है. रैयत व प्रभावितों को दिये जाने वाले मुआवजे का निर्णय केंद्र सरकार करती है, जिसमें जिला एवं राज्य सरकार के साथ-साथ एनटीपीसी से समन्वय के साथ रैयतों के हित के लिए प्रयास किया जाना आवश्यक है. उन्होंने पकरीबरवाडीह में लोगों को रोजगार से जोड़ने, पर्यावरण से ग्रसित लोगों की मुआवजा सूची बनाने, रैयती भूमि के मुआवजा की जांच करने सहित कई मुद्दे उठाये. साथ ही उन्होंने प्रभावितों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने सहित रैयतों की समस्याओं के समाधान हेतु मॉनिटरिंग कमिटी के गठन की भी मांग की.

बालिका विद्यालय में प्रश्नोत्तरी सह परामर्श सत्र में उपायुक्त हुईं शामिल

# डीसी ने बताए भविष्य निर्माण के रास्ते

संवाददाता। हजारीबाग

आठवीं से 12वीं के विधार्थियों के लिए जिला स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं समरिटन वेलफेयर फाउन्डेशन, हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, हजारीबाग में प्रश्नोत्तरी सह कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व काउंसलर उपायुक्त नैंसी सहाय, विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण रंजन एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षाविद् अशोक कुमार थे. सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या सुजाता केरकेटा ने किया. उपायुक्त ने अपने कॅरियर काउंसिलिंग के लिए सेवा के विभिन्न आयामों को छात्रों के सामने रख उनके भविष्य निर्माण के रास्ते बताए. उन्होंने बताया कि कॅरियर के चुनाव को लेकर जीवन में बहुत सी चुनौतियां होती हैं. इससे हमें परेशान होने की जरूरत नहीं है. हम खुशकिस्मत है कि हमें अपने परिवार, शिक्षक का साथ एवं सहयोग मिला जिससे आज हम और आप यहां मौजूद हैं.

उपायुक्त ने आगे कहा अलग अलग क्षेत्रों में ध्यान ने देते हुए अपनी काबिलियत एवं रुचि को पहचान कर अर्जुन की तरह ध्यान केवल मछली की आंख यानी अपने लक्ष्य पे रख बेहतरीन तरीके से तैयारी करना चाहिए एवं स्वयं को शांत रख कर अपने विषय के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर आगे बढ़ना चाहिए. बच्चों के बेहतरीन कैरियर निर्माण के लिए उनके अभिभावकों के लिए भी परामर्श सत्र के आयोजन पर जोर देना चाहिए. प्रशिक्षु आईएएस लोकेश सोलंकी ने बताया कि बेहतर माहौल ही बेहतर करियर के निर्माण में ज्यादा सहायक होता है. इसलिए कहीं भी जाए अच्छे दोस्तों के साथ रहें, अच्छे संस्थानों में प्रवेश लें.

जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने बताया की अपने कमजोरी को पहचानते हुए हम स्वयं अपने जीवन व भविष्य का निर्माण कर सकते हैं. राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं वीवीएम के राज्य समन्वयक अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय वैश्वीकरण का हैं. कोई भी क्षेत्र में अगर बेहतर करना है तो शिक्षा ही एक मात्र मार्ग है. यह संस्था निर्धन विद्यार्थियों के साथ है जो सच में पढ़ कर जीवन में अपने साथ साथ समाज के लिए कुछ बेहतर करना चाहते हैं. कार्यक्रम में सभी चार उत्कृष्ट विद्यालयों के 100 से अधिक छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं प्राचार्या ने एक साथ भाग लिया.

इस विशेष परामर्श सत्र में सवाल करने वाले बहुत से छात्र छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान वीवीएम के विशेष बुकलेट का भी विमोचन उपायुक्त के द्वारा किया. कार्यक्रम का संयोजन समरिटन वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सुजाता केरकेटा द्वारा किया गया.



विद्यालय पहुंचने पर उपायुक्त नैंसी सहाय का स्वागत किया गया.

### डीसी बोलीं

- कॅरियर चुनाव की चुनौतियों से घबराने की जरूरत नहीं
- अच्छे दोस्तों के साथ रहें अच्छे संस्थानों में प्रवेश लें

# शैक्षिणिक कार्यों में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग लाभप्रद



आईसेक्ट इंटर कॉलेज में आर्ट्स, साइंस व कॉमर्स की 11वीं की कक्षाएं शुरू.

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट इंटर कॉलेज में आर्ट्स, साइंस व कॉमर्स की 11वीं की कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं. नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर मंगलवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना पहली प्राथमिकता तो है ही, साथ ही शैक्षिक कार्यों में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा. आईसेक्ट विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के निदेशक व डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ ने भी मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि शिक्षा अंधकार से हमें प्रकाश की ओर ले जाती है. आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एआर चांदनी कुमारी व एआर रंजू ने कहा कि भाईचारा, अनुशासन, लगन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता ही सफलता की कुंजी है. इसे विद्यार्थियों को हमेशा याद रखना चाहिए. वहीं विश्वविद्यालय के पीआरओ मोहम्मद शमीम अहमद ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया.

## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में लाखों रुपये की चोरी

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के पास हजारीबाग- बगोदर रोड एनएच 522 के बगल में अवस्थित श्री बालाजी रेडियो एवं मणिकर्णिका सेल एंड सर्विस दुकान में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने 17 हजार रुपये नकद के साथ लाखों के सामान की चोरी कर ली.

दुकान मालिक अनुभव भारती को इसकी जानकारी दूसरे दिन दुकान खोलने के बाद हुई. बुधवार को दुकानदार ने चोरी की घटना की सूचना विष्णुगढ़ थाने को दी. तहरीर में जानकारी दी गयी है कि रोज की तरह दुकान मालिक अनुभव शाम को दुकान बंदकर घर चले गए. अगले दिन सुबह दस बजे दुकान खोलने पर सामान बिखरे पड़े मिले. देखा कि पीछे के दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ है. दी गयी तहरीर में कहा गया कि दुकान की छत से देखा तो बगल के घर की छत पर कुछ सामान पड़े हैं. चोरी गए सामानों का अनुमानित मूल्य नौ लाख पचास हजार बताया गया है. इसके अलावा कुछ हस्ताक्षर युक्त चेक, बैंकों के खाते और कई जरूरी कागजात नदारत मिले. पहले भी इस दुकान में आग लगने की घटनाएं घट चुकी हैं. मामला पुलिस के अनुसंधानाधीन है.


विभावि में पूर्व कुलपति के सम्मान में हुई शोक सभा में बोले कुलपति

# प्रो. शरण के दिखाए मार्ग पर चलें

संवाददाता। हजारीबाग

प्रोफेसर रमेश शरण एक प्रतिष्ठित विद्वान थे. मैं आग्रह करूंगी कि उनके दिखाए मार्ग पर सभी चलें. मैं कोशिश करूंगी कि विश्वविद्यालय में शोध के क्षेत्र में उन्होंने जो काम किए थे उसको आगे बढ़ाएं. उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कहीं. वह बुधवार को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में पूर्व कुलपति प्रोफेसर शरण के सम्मान में आयोजित शोक सभा को संबोधित कर रही थीं.

कुलपति ने यह भी कहा कि अभी हाल ही में विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर शरण को लोकपाल पद पर नियुक्त किया था. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी सुनील सिंह ने कहा कि प्रो शरण आमजन के बारे में सोचने वाले व्यक्ति थे. विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकाय अध्यक्ष सह कुलआनुशासक प्रो. मिथिलेश कुमार सिंह ने प्रो. शरण को याद करते हुए कहा कि वह एक बहु आयामी व्यक्ति थे एवं एक बहुत बड़ी हस्ती थे. उनके बताए गए मार्ग



स्व. प्रो. रमेश शरण. फाइल फोटो

पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं. जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रोफेसर शरण एक बहुत ही संवेदनशील व्यक्ति थे. भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह ने कहा कि प्रो. शरण को झारखंड की बहुत गहरी समझ थी. इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार ने उन्हें एक बेहतरीन शिक्षक और अच्छे खिलाड़ी के रूप में याद किया. केंद्रीय पुस्तकालय के निदेशक डॉ विनोद रंजन ने कहा कि शोध को सही करने से ही प्रो शरण की आत्मा को शांति मिलेगी.

सीएनडी विभाग के निदेशक डॉ मनोज कुमार ने उनको याद करते हुए कहा कि उनमें बहुत अपनापन का भाव था. उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ अंबर खातून ने कहा कि हजार साल में उनके जैसा एक व्यक्ति जन्म लेते हैं. यूसेट के शिक्षक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि वह जानते थे कि सुधार कैसे किया जाय. वह चाहते थे की समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या का भी निराकरण हो. शिक्षाशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ विनीता वनकीरा ने उन्हें एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया.

विजय कुमार ने पूर्व कुलपति को एक परोपकारी व्यक्ति के रूप में याद किया. कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम ने शोक संदेश का पाठ किया. बताया कि प्रोफेसर शरण 26 मई 2017 से 3 वर्ष तक विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर रहे. 12 फरवरी 2024 को उनकी नियुक्ति विनोबा भावे विश्वविद्यालय के लोकपाल के रूप में हुई. अंत में प्रोफेसर शरण के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा गया. आशोक सभा में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर उपस्थित हुए.

## ऊंची पीसीसी सड़कें बन रही हैं परेशानी का सबब

**विष्णुगढ़।** जन सरोकार की सरकारी योजनाएं जब परेशानी का सबब बन जायें तो सवाल उठेंगे ही. यहां भी एक पीसीसी सड़क को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं.

पहले से बनी इस पीसीसी सड़क का ग्रामीण विकास विभाग हजारीबाग द्वारा विशेष मरम्मती काम कराया जा रहा है. इससे सड़क ऊंची हो जा रही है और दुकान व मकान नीचे. नतीजतन बरसात का पानी घरों और दुकानों में घुस जा रहा है. महंत अखाड़ा चौक में काम अधूरा छोड़ देने की वजह से पानी जम जा रहा है. इससे दुकानदारों और राहगीरों की फजीहत हो रही है. काम पूरा नहीं हो पाने के कारण सड़क का एक भाग ऊंचा हो गया है तथा छुटा हुआ हिस्सा नीचा. फलतः चौक में बरसात का पानी जमा हो जा रहा है और जलजमाव से स्थिति नारकीय हो जा रही है. महंत अखाड़ा चौक विष्णुगढ़ बाजार का महत्वपूर्ण चौक है. यहां दर्जनों दुकानें तो हैं ही, इस चौक से होकर नित्य बहुत बड़ी आबादी गुजरती है. बकसपुरा, कोसुम्भा और अगल बगल के दूसरे गांवों के बच्चे बच्चियां इसी चौक से होकर स्कूल जाती हैं.

**प्रदर्शन** मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में सीआईटीयू की हजारीबाग जिला कमिटी ने डीसी कार्यालय के समक्ष दिया धरना

# लोकसभा चुनाव परिणाम से सबक ले मोदी सरकार : मिथिलेश सिंह

संवाददाता। हजारीबाग

आम जनता के जीवन और आजीविका पर केंद्र सरकार की नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों को लेकर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सी आई टी यू) के अखिल भारतीय आह्वान पर सी आई टी यू हजारीबाग जिला कमिटी ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया. इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवनाथ महली और संचालन जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने किया.

धरने में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सी आई टी यू के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में देश के कर्मचारी और मजदूरों ने मोदी सरकार के खिलाफ मत देकर 44 श्रम कानून को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले का जोरदार विरोध किया है. इससे मोदी सरकार को सबक लेकर मजदूरों के लिए बनाए गए नए चार श्रम संहिता को समाप्त कर के पुराने 44 श्रम कानूनों को लागू करना चाहिए. केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए श्रम संहिता से न सिर्फ मजदूरों का वेतन कटेगा बल्कि काम करने की अवधि भी बढ़ जाएगी और मजदूर - कर्मचारियों को मिलने वाली कल्याणकारी सुविधाओं को भी समाप्त कर दिया जाएगा. बेरोजगारी बढ़ेगी, इस फैसले से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा. देश में करोड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, रसोईया, आशा वर्कर, स्कीम वर्कर काम कर रहे हैं लेकिन सरकार इसको कर्मचारी नहीं मानती है. इसलिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाया गया श्रम कानून इन पर लागू नहीं होता है. इसलिए सीटू का मांग है कि ऐसे तमाम कर्मियों को सरकारी कर्मी मानते हुए इसका वेतनमान बढ़ाया जाए. धरने को समर्थन करने पहुंचे अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी महासंघ के महासचिव जे सी मित्तल ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी कंपनियों को बर्बाद करने पर तुली हुई है. बीएसएनल आपके सामने है. एलआईसी जो शुरू से मुनाफा कमाने वाली कंपनी है. इसका शेयर बेचना चाहती है, जिसका विरोध हम लोग राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं. धरने को जिला सचिव धनेश्वर तूरी, गुलाब साहब, गौतम बैनर्जी, लक्ष्मी नारायण सिंह, तपेश्वर राम, सुरेश कुमार दास, रमेश महली, दशरथ करमाली, कामेश्वर महतो, मोहम्मद नासिर खान, फहीम अंसारी, डीवीसी श्रमिक यूनियन के विजय चौधरी, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के त्रिलोकी कुमार, अखिलेश मिश्रा, शंभू कुमार, कामेश्वर महतो ने संबोधित किया. अंत में 10 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री भारत सरकार को दिया गया.



उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देते सीआईटीयू के पदाधिकारी व अन्य.

### खास बातें

- मजूदरों/कर्मियों की सुविधाएं समाप्त करने की योजना
- सरकारी कंपनियों को बर्बाद करने में लगी हुई है सरकार

# ओकनी से निकली जल यात्रा में उमड़ पड़ा भक्तों का सैलाब

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के ओकनी बड़ा शिवमंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. इसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा. ओकनी बड़ा शिव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में हजारों कन्याएं, महिलाओं समेत अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस दौरान 'शिव' और 'शक्ति' की भक्ति में श्रद्धालुओं के जयकारे लगते रहे. भजन-कीर्तन से शहर का माहौल पावन और भक्तिमय हो उठा. कलश यात्रा में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, समाजसेवी हर्ष अजमेरा समेत कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए. ओकनी तालाब में पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई कलश यात्रा राजा बंगला रोड होते हुए छठ तालाब फिर बुढ़वा महादेव मीठा तालाब पहुंची. वहां से जल उठा कर फिर अन्नदा चौक, पैगोडा चौक होते हुए वापस ओकनी तालाब पहुंची. भीषण गर्मी में कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए यज्ञ समिति की ओर से जगह-जगह शीतल पेय, जल की व्यवस्था की गई थी.



